तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 18 मई 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



2 जय श्रीराम के नारों से गूंजा चिरमिरी, निकली कलश यात्रा









## खबर संक्षेप

### डॉ. अनुराग चतुर्वेदी बने आईआईएम रांची में सहायक प्राध्यापक



**अंबिकापुर।** शहर के युवा शिक्षाविद एवं शोधकर्ता डॉ. अनुराग चतुर्वेदी का चयन देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची में रणनीति एवं उद्यमिता क्षेत्र में सहायक प्राध्यापक पद पर हुआ है। डॉ. अनुराग की प्रारंभिक शिक्षा कार्मल स्कूल, अंबिकापुर से हुई। इसके बाद उन्होंने जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हैदराबाद से बीटेक, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला से एमबीए तथा प्रबंधन विकास संस्थान, गुरुग्राम से रणनीतिक प्रबंधन विषय में पीएचडी पूर्ण की।उनके अनेक शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। हाल ही में उन्हें वर्ष 2026 की प्रतिष्ठित पॉल आर. लॉरेंस फेलोशिप (अमेरिका) के लिए भी चयनित किया गया, जो वैश्विक स्तर पर प्रबंधन शोध एवं केस अध्ययन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रदान की जाती है। डॉ. अनुराग, सुमिरन रिसॉर्ट के संचालक सुनील चतुर्वेदी के सुपुत्र हैं।

### जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक आज

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 नियम 2007 यथा संशोधित नियम 2012 अंतर्गत जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की समीक्षा बैठक 18 मई को दोपहर 3 बजे आदिवासी विकास विभाग कार्यालय में आयोजित की गई है। बैठक में वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 यथा संशोधित नियम 2012 अंतर्गत त्रुटिपूर्ण वन अधिकार पत्र मान्यता पत्रों की समीक्षा सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने सर्व सम्बन्धितों को बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा है।

### जनभागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले अभियान आज से

**बलरामपुर।** भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जन भागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले अभियान का आयोजन किया जाना है। जिसके अंतर्गत शासन की योजनाओं एवं मूलभूत सुविधाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश के पीएम जनमन के 1544 ग्राम एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के 6691 ग्रामों में 18 से 25 मई तक अभियान का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में भी अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। अभियान के तहत ग्रामों में विशेष शिविर, जनसुनवाई, स्वास्थ्य परीक्षण, जागरूकता कार्यक्रम, आदिकर्मयोगी अभियान अंतर्गत आदि सेवा केन्द्रों में जनसुनवाई कार्यक्रम तथा विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं पीएम जनमन अंतर्गत चयनित समस्त ग्रामों में निवासरत पीवीटीजी हितग्राहियों एवं जनजातीय हितग्राहियों को शासन की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओं में शत-प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित की जाएगी।

## ई डिस्ट्रिक और आरजीआई पोर्टल के बीच लटका मामला

# जनवरी 2020 में जन्में बच्चों का नहीं बन पा रहा डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- नहीं हो पाया डेटा ट्रांसफर, प्रमाण पत्र बनवाने भटक रहा पिता

नगर निगम में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यदि आपके बच्चे का जन्म भी जनवरी 2020 में हुआ है तो आप को भी निगम की लापरवाही के कारण परेशानियों का सामना कर पड़ सकता है। ऐसा इस लिए क्यों कि नगर निगम में इन एक महीने के भीतर जन्में बच्चों के जन्म से जुड़ा डाटा मौजूद ही नहीं है और इस बात की जानकारी निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को भी नहीं थी। मामले का खुलासा तब हुआ जब एक पिता अपने बच्चे का डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र लेने के लिए पहुंचा। अब पिता बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के लिए भटक रहा है।

बता दें कि एक पिता को अपने बच्चे का आधार कार्ड बनवाना है। आधार कार्ड तो च्वाइस सेंटर या पोस्ट ऑफीस से बनाया जाएगा लेकिन इसके लिए बच्चे का डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र आवश्यक होता है। यही वजह है कि डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र के लिए पिता निगम कार्यालय से लेकर एसडीएम व कलेक्टर कार्यालय तक का चक्कर लगा लिया लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया। इसे लेकर जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार शहर के शिकारी रोड निवासी दिग्विजय शुक्ला की बेटी का जन्म जनवरी 2020 में हुआ था। बेटी के जन्म के बाद उन्होंने नगर निगम में जाकर जन्म प्रमाण पत्र भी बनवाया था लेकिन उस समय नगर निगम में जन्म प्रमाण पत्र बनाने का कार्य ई डिस्ट्रिक पोर्टल के माध्यम से किया जाता था और अब आधार कार्ड बनवाने के लिए केंद्र सरकार के आरजीआई पोर्टल के जरिए जारी किया गया जन्म प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। यही कारण है कि दिग्विजय शुक्ला पोस्ट आफिस जाकर आधार कार्ड बनवाने की कोशिश कर रहे है तो ये जन्म प्रमाण पत्र काम नही आ रहा। उन्होंने बताया कि निगम से लेकर कलेक्टर जनदर्शन तक इसके लिए गुहार लगा चुके है कि उन्हें आरजीआई से जारी जन्म प्रमाण पत्र ही नही मिल पा रहा। उन्हें यह बोलकर वापस भेज दिया जाता है कि इसका डेटा निगम के पास है ही नही।




### लगभग 500 बच्चों का डाटा नहीं हुआ ट्रांसफर

इस मामले में अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार नगर निगम द्वारा ई डिस्ट्रिक पोर्टल के माध्यम से बनाए गए जन्म प्रमाण पत्र को आरजीआई पोर्टल के तहत फिर से बनाया जा रहा है। इसके लिए डाटा सांख्यिकी विभाग के राज्य स्तरीय पोर्टल से निगम के पोर्टल में ट्रांसफर किया जाना है। अब तक लगभग 33 हजार डेटा निगम को ट्रांसफर भी हो चुका है मगर 1 जनवरी 2020 से लेकर 31 जनवरी 2020 तक का डेटा जिसमे 500 के करीब जन्म प्रमाण पत्र जारी हुए है निगम को ट्रांसफर ही नही हो पाए है और यही कारण है कि निगम आरजीआई पोर्टल से इन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र की जानकारी नहीं है और विदुषी का जन्म प्रमाण पत्र नगर निगम जारी नहीं कर पा रहा है।

### दो महीने में भी नहीं हुआ समस्या का समाधान

अधिकारी जल्द ही डाटा ट्रांसफर की प्रक्रिया पूर्ण होने की बात कह रहे है लेकिन महीनों का समय बीत जाने के बाद भी इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। बड़ी बात यह है कि पोर्टल से एक महीने में जन्में बच्चों का डाटा ही गायब है और इसे लेकर अधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहे है। ऐसे में आने वाले समय में लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### किया गया है पत्रचार

पहले जन्म प्रमाण पत्र ई डिस्ट्रिक पोर्टल से बनाया जाता था और अब केंद्र सरकार के आरजीआई पोर्टल से जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनने लगा है। अधिकतर डाटा ट्रांसफर हो चुका है सिर्फ एक महीने का डाटा ट्रांसफर नहीं हो पाया है। कुछ लोगों को समस्या आ रही है। इसके लिए पत्राचार किया गया है प्रक्रिया चल रही है। डाटा ट्रांसफर होने के बाद सुविधा मिलने लगेगी।

-डीएन कश्यप
आयुक्त ननि

## मामूली विवाद पर की थी पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- हत्या के बाद जंगल में छिपा था आरोपी



भिट्ठी कला में पत्नी की बेरहमी से पीट पीटकर हत्या करने और उसके प्राइवेट पार्ट में लोहे का रॉड डालने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। स्वीकार की है।

बता दें कि भिट्ठी कला निवासी प्रदीप अगरिया 14 मई की शाम पत्नी 23 वर्षीया हीरो बाई को बाइक से गंभीर हालत में लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचा था। इस दौरान अस्पताल में चिकित्सकों ने हीरो बाई को मृत घोषित कर दिया था। पत्नी की मौत की जानकारी मिलते ही युवक लाश को अस्पताल में छोड़कर फरार हो गया था। इधर जांच में यह बात सामने आई थी कि महिला जंगल से लकड़ी लेकर आने के बाद शाम को भोजन कर रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर हुए विवाद में युवक ने पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट की। मारपीट के बाद गंभीर रूप से घायल पत्नी को खुद ही पीछे बांधकर बाइक से वह अस्पताल पहुंचा था। घटना के बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। वहीं मृतिका के पीएम के दौरान उसके तीन माह के गर्भवती होने, महिला के शरीर पर गंभीर चोट के 17 निशान मिले थे। इसके साथ ही महिला के प्राइवेट पार्ट से चिकित्सकों ने 10 इंच लंबा लोहे का रॉड बरामद किया था। इसके बाद यह स्पष्ट हो गया था कि आरोपी ने पत्नी के साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दी थी। पुलिस ने बांकी डेम के समीप घेराबंदी कर आरोपी प्रदीप अगरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि पारिवारिक कारणों से आए दिन उनके बीच विवाद होता था। घटना दिवस को भी मामूली विवाद के दौरान आक्रोश में आकर उसने खटिया के पट्टी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पत्नी की मौत के बाद हत्या के केस में फंसने के डर से महिला को अस्पताल में भर्ती कराया और फिर फरार हो गया।

## बाइक भिड़ंत में दो युवकों की गई जान, दो लोग हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



लुचकी घाट एनएच 43 स्थित लाल माटी के समीप दो बाइक के बीच आमने टक्कर हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए जिसमें मृतक की पत्नी भी शामिल है।

जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम सोनतराई सड़कपारा निवासी संतोष कुजूर आ. जयचंद कुजूर (38 वर्ष) सुबह पत्नी संगीता के साथ बाइक क्रमांक सीजी 14 एमवी 0586 से अंबिकापुर घंघरी स्थित एकलव्य स्कूल बेटा का टीसी लेने जाने के लिए निकले थे। बाइक सवार दंपति जैसे ही एनएच 43 लुचकी घाट लाल माटी के सतीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 10 ईएफ 3136 से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सवार संतोष एवं दूसरे बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर घायलों को तत्काल वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने संतोष सहित दूसरे गंभीर युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल संगीता व एक अन्य युवक को अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि दूसरा मृतक एमसीबी क्षेत्र का है जो शहर में अपने भाई के साथ रहता था। दूसरे मृतक की शिनाख्त नहीं होने से शव को मरच्यूरी कक्ष में रखा गया है।

## पीएचसी रघुनाथपुर में नदारत मिले स्वास्थ्य कर्मी, नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कलेक्टर ने किया सीएचसी, पीएचसी, आम्बा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण



शनिवार को कलेक्टर अजीत वसंत ने लुंड्रा विकासखंड के स्वास्थ्य केन्द्रों, निर्माणाधीन आम्बा केंद्र के साथ ही अन्य विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान पीएचसी रघुनाथपुर में स्वास्थ्य कर्मियों के नदारत रहने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करने के साथ ही अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बता दें कि शनिवार को कलेक्टर अजीत वसंत व जिपं सीईओ विनय अग्रवाल लुंड्रा विकासखंड के दौरे पर निकले थे। इस दौरान वे सीएचसी धौरपुर एवं पीएचसी रघुनाथपुर के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। पीएचसी रघुनाथपुर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में नियमित साफ-सफाई कराने कहा, उन्होंने यहां संस्थागत प्रसव की जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि हाईवे के नजदीक होने के कारण सडक दुर्घटना के प्रकरण अधिक आते है, उन्होंने इस हेतु स्वास्थ्य केन्द्र में एक ड्रेसर की व्यवस्था करने सीएमएचओ को निर्देशित किया। स्वास्थ्य केन्द्र में औषधि भण्डार का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि एक्सपायरी दवाईयों की नियमित जांच की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्टाफ़ की उपस्थिति की जांच की, इस दौरान चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं आयुष फार्मासिस्ट को कार्य से अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धौरपुर निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के सबंध में जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार में अंग्रेजी के साथ हिंदी भाषा में भी प्रचार सामग्री लगाया जाए। उन्होंने अस्पताल में शीघ्र ओटी शुरू करने प्रस्ताव तैयार करने सीएमएचओ को निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर के पुराने भवन का उपयोग भी आवश्यकतानुसार करने कहा। क्षेत्र में पहाड़ी कोरवा की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुये, उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री वसंत ने ग्राम करेसर में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने कहा निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए तथा गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

### बीमारी से तंग आकर वृद्धा ने पी लिया जहर, उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नान दमाली जंगवापारा निवासी जीवंती बाई पति शिवा बेक (63 वर्ष) 7 वर्ष पूर्व लकवा बीमारी से पीड़ित थी। परिजन वृद्धा का कई जगह इलाज कराए लेकिन लकवा बीमारी ठीक नहीं हुआ जिससे वृद्धा काफी परेशान रहती थी। 12 मई को जब परिजन अपने-अपने काम में व्यस्त थे तभी घर के परछी में बैठी वृद्ध दीवार पर टांगे कीटनाशक को पी लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। इधर वृद्धा को उल्टी करते देख परिजन तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज सुबह वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। घटना की जांच चल रही है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जूना बचान जंगल मुख्य मार्ग पर पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम सुखरी निवासी राम जनम आ. बेचन (23 वर्ष) 16 मई को किसी काम के सिलसिले में राजपुर गया था। दोपहर को बाइक से वापस घर लौटने लगा और जैसे ही जूना बचान जंगल मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रायपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल हो रायपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में घायल ने दम तोड़ दिया। परिजन घायल को वापस मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपात कालीन केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## ट्रैक्टर ट्राली चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार







**अंबिकापुर।** ट्रैक्टर ट्राली की चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन और ट्राली को बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोधनपुर निवासी अमित कुमार ठाकुर आ. ध्रुव कुमार ठाकुर ने अपने घर के पीछे ट्रैक्टर ट्राली को खड़ा किया था। इस दौरान 9 मई की रात अज्ञात चोर ट्रैक्टर ट्राली चोरी कर फरार हो गए थे। अमित कुमार ठाकुर की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामले में जांच की जा रही थी। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज की जांच और लोगों से पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि छोटा हाथी वाहन में ट्राली को लेकर कुछ लोग लेकर जाते नजर आए थे। ऐसे में पुलिस ने गांधीनगर पुलिस ने ब्रिज भूषण उर्फ बिरजू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया और अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना प्रयुक्त छोटा हाथी वाहन क्रमांक यूपी 64 एटी 8637 एवं चोरी गई ट्राली सीजी 16 जेडडी 0130 को जब्त करने के साथ ही राजपुर बरियों चौकी के ग्राम ककना निवासी 24 वर्षीय ब्रिजभूषण उर्फ बिरजु गिरी आ. महेन्द्र गिरी, ग्राम केपी निवासी 46 वर्षीय फूलचंद गिरी आ. शिव प्रसाद गिरी, ककना निवासी 24 वर्षीय नन्दु उर्फ नन्दकिशोर पैकरा आ. महेश्वर पैकरा को बीएनएस की धारा

305बी, 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना गांधीनगर से सउनि सुभाष ठाकुर, आरक्षक कुंदन पांडेय, रमन मंडल, घनश्याम देवांगन, राहुल सिंह, साइबर सेल से आरक्षक रमेश रजवाड़े सक्रिय रहे।

## डीएवी स्कूल एवं एसईसीएल प्रबंधन पर बच्चों के साथ पक्षपात का आरोप

# समर कैंप में सिर्फ एसईसीएल कर्मियों के बच्चों की एंट्री, बाकी बच्चे बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विश्रामपुर

डीएवी पब्लिक स्कूल में गर्मी की छुट्टियों के दौरान बच्चों के लिए लगाए जा रहे 21 दिवसीय समर कैम्प के आयोजन को लेकर विवाद की स्थिति बन गई है। समर कैम्प में केवल एसईसीएल कर्मियों के बच्चों को प्रवेश दिया जा रहा है, जिससे बाकी बच्चों के अभिभावक नाराज हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार डीएवी स्कूल बिश्रामपुर में 18 मई से 10 जून तक 21 दिनों के लिए बच्चों का समर कैम्प लग रहा है। जिसका पंजीयन गुरूवार 14 मई से शनिवार 16 मई तक दोपहर 12 से 3 तक केवल एसईसीएल कर्मियों के बच्चों के लिए खोला गया है। समर कैंप का संचालन समय सुबह 7 बजे से 9:30 बजे तक रखा गया है,जिसकी देखरेख व मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी स्कूल के दोनों स्पोर्ट्स टीचर एवं एसईसीएल के एचआर विभाग सह एरिया पर्सनल मैनेजर को दी गई है,समर कैंप एलकेजी कक्षा से 12 वीं कक्षा तक के एसईसीएल कर्मियों के बच्चों के लिए आयोजित है। कैंप की पूरी फंडिंग एसईसीएल कम्पनी वहन कर रही है। इस कारण नॉन एसईसीएल के बच्चों को इसमें शामिल नहीं किया गया है।

### प्राचार्या ने सभी अभिभावकों से ली सहमति,बाद में कैंसिल किया

अभिभावकों ने बताया कि स्कूल की प्राचार्या ने इस वर्ष के रिजल्ट घोषणा होने के बाद सभी इच्छुक अभिभावकों से समर कैंप आयोजित करने के विषय में एक कंसेंट फॉर्म भरवाकर सहमति ली थी जिसमें एसईसीएल व नॉन एसईसीएल के सभी बच्चे शामिल थे लेकिन बाद में बिना वजह बताये इसे कैंसिल करा दिया गया और इसकी सूचना भी किसी अभिभावक को नहीं दी गई,अब बाद में जानकारी लगी है कि केवल एसईसीएल कर्मियों के बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जाना निर्धारित हूआ है,अभिभावकों के अनुसार शिक्षा के साथ अन्य प्रोग्रेसिव गतिविधियों में भी सभी बच्चों का एक समान अधिकार है।अभिभावकों ने डीएवी स्कूल प्रबंधन से सभी इच्छुक बच्चों को नये सिरे से समर कैंप में शामिल करने की मांग की है।

### पैरेंट्स ने जताई नाराजगी उच्च स्तरीय शिकायत करेंगे

केवल एसईसीएल कर्मियों के बच्चों के लिए समर कैंप संचालन होने मामले में डीएवी पेरेंट्स एसोसिएशन ने कड़ी आपत्ति जताते हुए एसईसीएल व स्कूल द्वारा उठाये इस कदम को पक्षपात करने एवं समानता के अधिकार का उल्लंघन होना बताया है तथा मामले की शिकायत सूरजपुर कलेक्टर,जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर समेत राज्य के शिक्षा मंत्री से करने की बात कही है।एसोसिएशन के अनुसार डीएवी स्कूल प्रबंधन ने एसईसीएल कम्पनी के दबाव में आकर शिक्षा के मूल सिद्धांतों को दरकिनार कर दिया है।

### एलएमसी अध्यक्ष सह चेयरमैन का है निर्देश

समर कैंप मामले में स्कूल की प्राचार्या श्रीमती अनामिका भारती ने बताया कि स्कुल के चेयरमैन सह एलएमसी अध्यक्ष संजय सिंह के दिशा निर्देश अनुसार केवल एसईसीएल कर्मियों के बच्चों के लिए समर कैंप निर्धारित हुआ है, जिसका मकसद बच्चों के लिए रिफ्रेशमेंट और अन्य एक्टिविटी को बेहतर तरीके से सिखाना है।उक्त समर कैंप एसईसीएल अधिकारियों की देखरेख में सम्पन्न होगा, स्कूल के केवल स्पोर्ट्स टीचर ही शामिल होंगे।

### मुख्यालय का निर्देश,एसईसीएल कर रही फंडिंगः संजय सिंह

समर कैंप कराने के लिए एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से दिशा निर्देश जारी हुए हैं, जिसके तहत कोल कर्मियों के बच्चों के लिए रिफ्रेशमेंट प्रोग्राम और स्पोर्ट्स का आयोजन डीएवी बिश्रामपुर में किया जाना है।इस समर कैंप की पूरी फंडिंग एसईसीएल कम्पनी कर रही है,नॉन एसईसीएल लोगों के बच्चों के नये एडमिशन प्रक्रिया बंद करने के लिए भी कम्पनी मैनेजमेंट पुनर्विचार कर रहा है,इसमें भी बदलाव हो सकते हैं।

### एडमिशन भी बंद होगा

मामले में एसईसीएल बिश्रामपुर महाप्रबंधक संजय सिंह ने समर कैंप के साथ एडमिशन प्रक्रिया के बारे में भी विवादित बात कही है, महाप्रबंधक अनुसार आने वाले दिनों में स्कूल में नये एडमिशन के लिए नॉन एसईसीएल लोगों के बच्चों की भर्ती मैनेजमेंट बंद कर सकता है, इस पर विचार किया जा रहा है।

### सांसद चिंतामणि करेंगे एसईसीएल प्रबंधन से बात



इस मामले की जानकारी क्षेत्र के क्षेत्र के सांसद चिंतामणि महाराज को भी दी गई है। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों में सभी बच्चों को अवसर देना चाहिए। इस सम्बंध में मैं तत्काल एसीईसीएल प्रबंधन से बात करता हूं।

## खबर संक्षेप

### सुरक्षा गार्डों ने लगाया आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना का आरोप

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के केन्द्रीय विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में कार्यरत दो सुरक्षा गार्डों ने कंपनी प्रबंधन पर आर्थिक एवं मानसिक प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपा है। शिकायत में कर्मचारियों ने वेतन से अवैध वसूली, धमकी और दबाव बनाने जैसे आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता अमन श्रीवास एवं अभिजीत बेहरा ने बताया कि वे पिछले 5 वर्षों से केन्द्रीय विद्यालय मनेन्द्रगढ़, रेलवे कॉलोनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते 15 माह से कंपनी से जुड़े कुछ अधिकारियों द्वारा उनसे लगातार आर्थिक शोषण किया जा रहा है। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि कर्मचारियों का मासिक वेतन लगभग 21 हजार 760 रूपए बैंक खाते में जमा होता है, लेकिन उसमें से करीब 12 हजार रूपए प्रतिमाह रिश्वत के रूप में वापस लिए जाने का दबाव बनाया जाता रहा। विरोध करने पर नौकरी से निकालने, धमकाने तथा झूठे आरोप लगाने की बात भी शिकायत में कही गई है। पीड़ित कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनसे निजी कार्य भी करवाए जाते थे। साथ ही कंपनी प्रबंधन द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने की बात कही गई है। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि अब तक उनसे लगभग ढाई से तीन लाख रूपए तक की राशि ली जा चुकी है।

### संलग्नीकरण के कारण शिक्षा व्यवस्था प्रभावित

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिले के कई शासकीय स्कूलों में वर्षों से व्याख्याताओं और शिक्षकों का संलग्नीकरण छात्रावासों एवं अन्य विभागीय कार्यों में किए जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक स्कूल शिक्षक विहीन या फिर अतिथि शिक्षकों के भरोसे संचालित हो रहे हैं, इससे शिक्षा की गुणवत्ता लगातार गिरती जा रही है। जिले के कई शिक्षक और व्याख्याता मूल पदस्थापना वाले स्कूलों में पढ़ाने के बजाय छात्रावासों में अधीक्षक अथवा कार्यालयीन कार्यों में संलग्न हैं। परिणाम स्वरूप कई स्कूलों में गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। कहीं एक ही शिक्षक पूरे स्कूल की जिम्मेदारी संभाल रहा है, तो कहीं छात्रों को नियमित कक्षाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों ने भी इस स्थिति पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि शिक्षा विभाग की लापरवाही का सीधा असर बच्चों के भविष्य पर पड़ रहा है। छात्र नियमित अध्ययन से वंचित हो रहे हैं और परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हो रहे हैं। कई स्थानों पर स्कूलों की व्यवस्था पूरी तरह अतिथि शिक्षकों के सहारे चल रही है, जिनकी नियुक्ति भी अस्थायी होती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वर्षों से चल रहे संलग्नीकरण के पीछे सुविधा और सेटिंग का खेल चल रहा है।

### सुहागिन महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा

**डोमनहिल।** क्षेत्र के हनुमान मंदिर परिसर सहित चिरमिरी क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर शनिवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। विवाहित महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए बरगद के वृक्ष की विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसरों में स्थित विशाल वट वृक्षों के पास सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में वट वृक्ष के चारों ओर धागा बांधकर परिक्रमा की तथा पूजा कर दांपत्य जीवन की सुख-शांति की कामना की। हिंदू धर्म में वट वृक्ष को स्थायित्व, दीर्घायु और संरक्षण का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर महिलाओं ने वट सावित्री व्रत कथा का श्रवण भी किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार मद्र देश के राजा अश्वपति की पुत्री सावित्री ने सत्यवान को पति रूप में चुना था। देवर्षि नारद द्वारा सत्यवान की अल्पायु की जानकारी देने के बावजूद सावित्री अपने निर्णय पर अडिग रहीं और विवाह के बाद अपने पतिव्रत धर्म एवं तपस्या के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस ले आईं। मान्यता है कि वट सावित्री व्रत की कथा सुनने और पूजा करने से विवाहित महिलाओं को अखंड सौभाग्य, परिवार की सुख-समृद्धि और पति की दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### 10 हजार मातृशक्तियों ने सिर पर उठाया कलश, 5 किलोमीटर लंबी शोभायात्रा ने रचा इतिहास

# जय श्रीराम के नारों से गूंजा चिरमिरी, निकली कलश यात्रा

**डोमनहिल/वेस्ट चिरमिरी।** एमसीबी जिले के चिरमिरी क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में 17 मई से आयोजित होने जा रही जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज की श्रीराम कथा के



शुभारंभ से पूर्व रविवार को सरगुजा संभाग की सबसे भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

सनातन परंपरा के अनुसार कथा के निर्विघ्न संपन्न होने एवं आध्यात्मिक वातावरण निर्माण के उद्देश्य से निकाली गई। इस ऐतिहासिक यात्रा में 10 हजार से अधिक मातृशक्तियों ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया, जबकि लगभग 20 हजार श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा चिरमिरी क्षेत्र राममय हो उठा। चिरमिरी बड़ा बाजार स्थित सीताकुंड से प्रारंभ हुई यह भव्य कलश यात्रा करीब 5 किमी लंबी रही, जिसकी कतार लगभग साढ़े तीन किमी तक फैली नजर आई। जय श्रीराम और रामधुन के उद्घोष से पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। महिलाएं सिर पर कलश लेकर





**आकर्षक झांकियां से भक्तिमय रहा शहर:** आयोजन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लगभग 100 नर्सिंग स्टाफ आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था के लिए यात्रा के साथ पैदल चलते रहे। यात्रा में ड्रोन के माध्यम से हनुमान जी के स्वरूप द्वारा पुष्प वर्षा की गई, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। वहीं रामरथ में भगवान श्रीराम, माता सीता एवं हनुमान जी की आकर्षक झॉकियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रामरथ में द्वारपाल के रूप में सजे हनुमान स्वरूप विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वयं कलश यात्रा की अगवानी करते नजर आए।



चल रही थीं, वहीं श्रद्धालु डीजे की धुन पर भक्ति में झूमते नजर आए। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। समाजसेवियों, व्यापारियों एवं धर्मप्रेमियों द्वारा शरबत, जूस एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। भीषण गर्मी को देखते हुए आयोजन समिति एवं प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे। पूरे मार्ग में मैट बिछाए गए तथा लगातार पानी का छिड़काव किया जाता रहा, ताकि मातृशक्तियों और श्रद्धालुओं को राहत मिल सके।

## शिवपुर-चरचा से सैकड़ों श्रद्धालु कलश यात्रा में हुए शामिल




**चरचा कॉलरी।** धार्मिक नगरी चिरमिरी एक बार फिर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्म के रंग में रंगने जा रही है। श्रीराम कथा आयोजन समिति चिरमिरी के तत्वावधान में 17 से 26 मई तक भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह विशाल धार्मिक आयोजन लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम, गोदरीपारा चिरमिरी में संपन्न होगा, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु प्रभु श्रीराम की जीवनगाथा का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त करेंगे।

कथा व्यास के रूप में जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज की श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। वहीं कथा मंच का शुभारंभ आचार्य श्री रामचंद्र दास जी महाराज द्वारा किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने व्यापक तैयारियां की गई हैं। कार्यक्रम के तहत 17 मई को सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो कुरैशिया ग्राउंड बड़ा बाजार सीतापुर से प्रारंभ होकर कथा स्थल लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम गोदरीपारा तक पहुंचेगी, इसके बाद प्रतिदिन शाम 4 बजे से कथा का आयोजन होगा, जबकि प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे यज्ञशाला पूजन भी संपन्न कराया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर नगर पालिका शिवपुर-चरचा में भी भारी उत्साह देखने को मिला। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल के नेतृत्व में काफी संख्या में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर बसों के माध्यम से कलश यात्रा में शामिल होने के लिए चिरमिरी रवाना हुईं। श्रद्धालुओं में कथा को लेकर विशेष उत्साह और आस्था का माहौल नजर आया। आयोजन समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार कथा में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से काफी संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# डबल मर्डर का महज 6 घंटे में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**अनूपपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भालूगुड़ार वार्ड क्रमांक 7 में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 6 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

बीते 15 मई की सुबह करीब 7 बजे डायल 112 को सूचना मिली कि भालूगुड़ार क्षेत्र में दो लोगों की हत्या कर दी गई है। सूचना पर बिजुरी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां सुरेन्द्र सोनी उम्र 35 वर्ष और लल्ली बाई गोंड उम्र 48 के शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिले। दोनों के शरीर पर धारदार हथियार से गंभीर चोटों के निशान पाए गए, जिससे स्पष्ट हुआ कि उनकी बेरहमी से हत्या की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी के नेतृत्व में विशेष जांच दल गठित किया गया। एफएसएल टीम, डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों को भी मौके पर साक्ष्य जुटाने के लिए बुलाया गया। तकनीकी और मुखबीर सूचना के आधार पर पुलिस ने सुनील सिंह मार्को उर्फ नानकुनू निवासी भालूमाड़ा को हिरासत में लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी टालमटोल करता रहा, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने दोनों हत्याओं की बात स्वीकार कर ली। पुलिस के अनुसार आरोपी पिछले कुछ दिनों से मृतका लल्ली बाई के घर पर मजदूरी कर रहा था। इसी दौरान उसे लल्ली बाई और सुरेन्द्र सोनी के बीच संबंधों का शक हुआ, जिससे वह नाराज रहने लगा। इसी रंजिश के चलते उसने वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने बताया कि 14 मई की रात उसने पहले सुरेन्द्र सोनी पर कुल्हाड़ी से हमला किया और पीछा कर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी। इसके बाद वह वापस घर जाकर लल्ली बाई की भी हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपी ने खून के धब्बों को गोबर से लीपकर मिटाने का प्रयास किया और हथियार व कपड़ों को छिपा दिया था, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी पत्नी के साथ मारपीट और दहेज प्रताड़ना के मामले में जेल जा चुका है। इस मामले के खुलासे में निरीक्षक विकास सिंह सहित पूरी पुलिस टीम, फॉरेंसिक विशेषज्ञों और तकनीकी स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

### जनजाति गरिमा उत्सव : 18 से 25 तक चलेगा जन अभियान

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 18 से 25 मई तक जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले थीम पर विशेष जनजातीय जागरूकता एवं सेवा संतृप्ति अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य दूरस्थ जनजातीय बहुल गांवों, विशेष रूप से पीएम जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत चिन्हित गांवों तक शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सामाजिक सुरक्षा तथा आजीविका से जुड़ी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर व्यापक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। जिला प्रशासन एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जनजाति गरिमा उत्सव के तहत गांवों में विशेष संतृप्ति शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर तथा जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## साइडिंग में रखे कोयले के ढेर में लगी आग...



**डोमनहिल।** बीते दिवस वार्ड क्रमांक 36 स्थित साइडिंग क्षेत्र में रखे कोयले के ढेर में अचानक आग लग जाने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए साइडिंग कर्मचारियों ने तत्काल वार्ड पार्षद अयुषी सिंह को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पार्षद अयुषी सिंह ने मामले की जानकारी स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को दी। मंत्री के निर्देश पर तत्काल फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**मनेन्द्रगढ़।** जिला अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ द्वारा वर्ष 2026 के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन स्थानीय होटल हसदेव इन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में न्याय पालिका, विधिक परिषद और प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अपने पद और दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं निष्पक्षता से करने की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान न्यायाधीश राजेन्द्र वर्मा ने की। वहीं विशिष्ट अतिथियों में न्यायाधीश यशवंत वासनीकर, सरिता दास, लोकेश कुमार, राकेश सिंह सोरी, भारतीय विधिक परिषद



सदस्य शैलेन्द्र दुबे, छग राज्य विधिक परिषद बिलासपुर कार्यकारिणी समिति अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, राज्य विधिक परिषद सदस्य अनिल गोयल, छग उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रजनीश सिंह, सचिव अनिल कुमार त्रिपाठी सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे। अधिवक्ता संघ के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चंद्र सिंह, उमाकांत सिंह चंदेल तथा चिरमिरी नगर निगम महापौर अधिवक्ता रामनरेश राय भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं मां भारती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पूजा-अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी ने कहा कि संघ सदैव अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के लिए संघर्षरत रहेगा। उन्होंने न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के लिए बेहतर फर्नीचर व्यवस्था, समृद्ध लाइब्रेरी, अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू किए जाने तथा सामूहिक बीमा योजना की मांग मुख्य अतिथि के समक्ष रखी। समारोह में वर्ष 2026 के लिए जिला अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी, उपाध्यक्ष पुरूष वर्ग विनय पाठक, उपाध्यक्ष महिला वर्ग महजबीन खान, सचिव आशीष सिंह, सह-सचिव प्रदीप शर्मा तथा कोषाध्यक्ष कुलदीप जायसवाल वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अधिवक्ता प्रहलाद श्रीवास्तव, आलोक अग्रवाल, आशीष राय एवं राजेश गुप्ता, पुस्तकालय प्रभारी के रूप में यारसाय रजवाड़े तथा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव के रूप में अधिवक्ता सविता गुप्ता, महिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मंजू बेनी और पूनम गुप्ता ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं निष्पक्षता के साथ करने की शपथ ली। अधिवक्ता संघ के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चंद्र सिंह ने मनेन्द्रगढ़ को सिविल जिला घोषित किए जाने सहित अधिवक्ताओं से जुड़ी अन्य आवश्यक मांगों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में न्यायिक सुविधाओं के विस्तार के लिए यह आवश्यक कदम है। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि अधिवक्ता समाज, लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था का मजबूत स्तंभ है। उन्होंने विश्वास जताया कि अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी एवं सचिव आशीष सिंह के नेतृत्व में जिला अधिवक्ता संघ नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। मंत्री ने मंच से रखी गई विभिन्न मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता संघ के सचिव अधिवक्ता आशीष सिंह ने किया।

### केन्द्र और राज्य सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# कीमतें बढ़ने पर कांग्रेस ने पेट्रोल पंप में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों एवं आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ के विरोध में रविवार को बैकुंठपुर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जमगहना पेट्रोल पंप बैकुंठपुर में धरना-प्रदर्शन एवं घेराव किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पेट्रोल-डीजल के बढ़े हुए दामों को तत्काल वापस लिए जाने की मांग की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, विकाश श्रीवास्तव, विजय सिंह चांदनी सोनी सहित काफी संख्या में कांग्रेसी विरोध प्रदर्शन में मौजूद रहे।

## सोनहत में कांग्रेस का ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन

**सोनहत।** पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों एवं र्इंधन संकट के विरोध में सोनहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश सिंह ने किया।

धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पेट्रोल-डीजल की मूल्य वृद्धि और कथित कमी को लेकर नाराजगी व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण आम जनता को लगातार महंगाई और आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है और कई स्थानों पर र्इंधन की कमी के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने केन्द्र सरकार



प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी करने तथा पर्याप्त मात्रा में र्इंधन उपलब्ध कराने की मांग की। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने चेतावनी दी।

# जनकपुर में मेडिकल नशे का फैल रहा जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जनकपुर क्षेत्र में मेडिकल नशे का कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। कफ सिरप, नशीली टैबलेट और अन्य प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री ने अब आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र के एक पीड़ित परिवार के अभिभावकों ने खुलकर इस गंभीर समस्या को उठाते हुए प्रशासन और पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

अभिभावकों का कहना है कि जनकपुर में मेडिकल नशे का कारोबार खुलेआम चल रहा है और इसकी जानकारी क्षेत्र के अधिकांश लोगों को है। जब उनसे पूछा गया कि आखिर यह नशीला सामान कौन बेच रहा है, तो उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जनकपुर में लगभग हर व्यक्ति जानता है कि कौन लोग इस धंधे में शामिल है, इसके बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सबसे चिंताजनक बात यह सामने आ रही है कि मेडिकल नशे की गिरफ्त में अब नाबालिग बच्चे भी आने लगे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ युवक आसानी से मेडिकल दुकानों और अवैध सप्लायरों से कफ सिरप व नशीली गोलियां खरीद रहे हैं। अभिभावकों का आरोप है कि बिना डॉक्टर की पर्ची के भी नशीली दवाएं बेची जा रही हैं, जिससे स्कूली बच्चों और किशोरों का भविष्य खतरे में पड़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में शाम होते ही कुछ स्थानों पर युवाओं की संदिग्ध गतिविधियां बढ़ जाती हैं।

कई परिवार अपने बच्चों की बदलती आदतों को लेकर परेशान हैं। लोगों का कहना है कि मेडिकल नशे के कारण युवाओं में अपराध, हिंसा और असामाजिक गतिविधियों का खतरा भी बढ़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी खुले रहेंगे स्कूलों के कार्यालय, डीईओ ने जारी किया आदेश

**बिश्रामपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी जिले के शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के कार्यालय खुले रहेंगे। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर द्वारा आदेश जारी किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी निर्देश में सभी प्राचार्यों को कहा गया है कि विद्यार्थियों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी), अंकसूची वितरण तथा अभिभावकों द्वारा मांगे जाने वाले अन्य दस्तावेज एवं अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए विद्यालय कार्यालय नियमित रूप से संचालित किए जाएं। आदेश के अनुसार प्रत्येक कार्यदिवस में स्कूल कार्यालय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक खुले रहेंगे तथा आवश्यक कार्यालयीन कार्यों का संपादन सुनिश्चित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए अवकाश अवधि में भी कार्यालय व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जाए। आदेश की प्रतिलिपि कलेक्टर सूरजपुर, संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा संभाग अंबिकापुर तथा सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को भी भेजी गई है। इधर आदेश जारी होने के बाद कई प्राचार्यों ने व्यावहारिक समस्याएं सामने रखी हैं। प्राचार्यों का कहना है कि जिले के अधिकांश हाई स्कूल एवं कई हायर सेकेंडरी स्कूलों में क्लर्क, चपरासी और सफाई कर्मियों के पद रिक्त हैं। ऐसे में सीमित स्टाफ के बीच कार्यालय खोलना, साफ-सफाई कराना और सभी प्रशासनिक कार्यों का संचालन करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। कुछ प्राचार्यों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि जिले में लगभग 80 प्रतिशत हाई स्कूल और 20 प्रतिशत हायर सेकेंडरी स्कूल ऐसे हैं जहां सहायक कर्मचारियों की कमी बनी हुई है।

### युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय के जन्मोत्सव पर कार्यकर्ताओं ने किया सेवा कार्य



**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर के जन्मदिवस पर जनकल्याण एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।इस अवसर पर गांधी स्टेडियम में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां वितरित की गई।इसके पश्चात शासकीय पशु चिकित्सालय के गौ आश्रम में गौ माता की सेवा की गई तथा गौवंश को हरा चारा एवं आवश्यक सामग्री प्रदान कर गौ संरक्षण का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति, आस्था एवं संवेदनशीलता का प्रतीक है। लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के ठेला एवं रेहड़ी व्यवसायियों को छाता वितरित किया गया।इस दौरान मंटू शुक्ला,अंशुल श्रीवास्तव,दीपक यादव,सौरभ मिश्रा,अमोघ कश्यप,शानू कश्यप,हर्ष जायसवाल,श्रीधर केशरी विकास शुक्ल चंदन,मनीष दूबे,अभिनंदन सिंह, प्रिंस चौबे,इलू गुप्ता,विक्कू सोनी अंकित सिंह,मनीष सिंह,रोहित कुशवाह लल्ला सहित अन्य उपस्थित थे।

### कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह महोत्सव

**अम्बिकापुर।** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह महोत्सव का शुभारंभ आज मंलल कलश पूजन एवं शोभा यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा 17 मई की सुबह राम मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल क्षत्रिय भवन अग्रसेन वार्ड पहुंची। जहां विविध श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कथा व्यास द्वारा आचार्य कृष्ण रेणु गोविंद प्रपन्नाचार्य द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। 17 मई को शोभा यात्रा, गणेश पूजन, पुराण प्रतिष्ठान पूजन, कलश यात्रा मंगलाचरण एवं कथा प्रारंभ हुआ। 18 मई को कुंती एवं भीष्म चरित्र, शुकदेव जन्म, परीक्षित-शुकदेव कथा 19 मई को त्रष्णदेव चरित, जड़ भारत चरित, राहुगण संवाद 20 मई को समुद्र मंथन, वामन चरित्र, रामजन्म एवं कृष्ण जन्मोत्सव 21 मई को पुतना उद्धार, कृष्ण बाल लीला कालियामर्दन, गोर्वधन पूजन 22 मई को रास लीला, मधुरागमन, कंसवध जरासंध युद्ध, रूक्मणी विवाह 23 मई को द्वारिका लीला, शिशुपाल वध, सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय चरित्र कृष्ण उद्धव संवाद तथा 24 मई को विष्णु सहस्त्रानाम, 108 तुलसी अर्चना, हवन एवं पूर्णाहुति, संत ब्राम्हण सेवा एवं प्रसाद वितरण के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह महोत्सव का समापन होगा।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पन्द्रह दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग प्रारंभ


**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांत का पन्द्रह दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष सामान्य का 16 मई से प्रारंभ होकर 1 जून को समापन होगा।आज संघ के क्षेत्र प्रचारक स्वप्निल, वर्ग सर्वाधिकारी योगेश्वर प्रसाद सिंह एवं साधुराम विद्या मंदिर के संचालक राहुल अग्रवाल द्वारा भारत माता,डॉक्टर केशवराव हेडगेवार, माधवराव गोलवरकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन सत्र का शुभारंभ किया। संघ शिक्षा वर्ग का उद्घाटन साधुराम विद्या मंदिर में क्षेत्र प्रचारक स्वप्निल ने संघ शिक्षा वर्ग के प्रशिक्षणार्थियों को चर्चा सत्र पर सामूहिक जीवन का महत्व एवं आनंद विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन को सफल एवं अनुशासित बनाने हेतु समय पालन एवं कर्तव्य पालन अति आवश्यक है। साधु राम विद्या मंदिर के संचालक राहुल अग्रवाल ने कहा कि आज देश को संघ की आवश्यकता है, संघ के इस राष्ट्रीय कार्य में सहभागी बनने पर हमें गर्व महसूस हो रहा है। छत्तीसगढ़ प्रांत के सभी जिलों से 197 प्रशिक्षणार्थी पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित हुए। प्रशिक्षण वर्ग में शिक्षक सहित व्यवस्था प्रबंधन में 100 स्वयंसेवक समर्पण भाव से सेवा प्रदान कर रहे है,प्रशिक्षण वर्ग का समापन 1 जून को होगा।

## अधिकारियों ने खोजे तीन प्राकृतिक जल स्रोत

# भकुरा परिसर में नहीं है पर्याप्त पानी की व्यवस्था अब ढोढ़ी से प्यास बुझाने की जुगत में जुटा प्रबंधन



प्रशासनिक भवन।



विवि परिसर स्थित प्राकृतिक ढोढ़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्थापना के 16 साल बाद भी संत गहिरा गुरू विवि के भकुरा परिसर में पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो सकी है। उपलब्ध पानी से वर्तमान की जरूरतें तो जैसे तैसे पूरी हो जा रही है। लेकिन शैक्षणिक विभागों के परिसर में स्थानांतरित होते एवं आवासीय व्यवस्था के लिए समय रहते पानी उपलब्ध नहीं हुआ तो भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

**खास बात**

- अन्य विकल्पों पर भी चल रही चर्चा

अभी संत गहिरा गुरू विवि के भवनों का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। विवि के अधिकारी इस बार अधूरे भवनों के लिए राशि की स्वीकृति मिलने की उम्मीदें लगाए बैठे थे। बजट में राशि की स्वीकृति नहीं मिलने के कारण अधिकारी-कर्मचारी निराश है। अधूरी संरचनाओं को दुरूस्त करने के साथ ही अन्य आवश्यक कार्यों को पूरा करने के उद्देश्य से पिछले एक साल से प्रशासनिक कार्यालय सहित अन्य संबंधित विभागों का संचालन भकुरा परिसर में ही किया जा रहा है। शासन द्वारा भवनों की स्वीकृति के दौरान जलागार निर्माण की भी स्वीकृति प्रदान की गई थी। शासन द्वारा पेयजल व्यवस्था के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को राशि प्रदान की गई थी। भवन निर्माण प्रारंभ होने के पूर्व पीएचई ने निर्माण स्थल सहित आसपास के क्षेत्रों में ट्यूबवेल खनन कराया था लेकिन मात्र तीन बोर ही सफल निकले थे। इन तीन ट्यूबवेल में से एक में तो पर्याप्त पानी है लेकिन दो बोर से कुछ ही समय पानी मिल पाता है। कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी लम्बे समय से परिसर में ही निवास कर रहे है। कुलपति डॉ.राजेन्द्र लाकपाले भी अपने बंगले के अधूरे कार्यों को पूरा होते ही परिसर में ही रहने की तैयारी में है। अभी आवासीय भवनों का पूरा नहीं हो सका है लेकिन आवश्यकताओं को देखते ही सुरक्षाकर्मियों सहित अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के भी परिसर में ही निवास करने की तैयारी है। प्रशासनिक कार्यालय सहित ट्यूबवेल से आवासीय परिसर की दूरी अधिक होने के कारण पेयजल की व्यवस्था बड़ी चुनौती बनी हुई है। ऐसे में विवि प्रबंधन अब पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था करने में जुटा है। पानी की पर्याप्त व्यवस्था किए बिना परिसर के आबाद करना कठिन है। ऐसे में विवि प्रबंधन अन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है।

### सर्वे में मिली तीन स्थानों पर ढोढ़ी

विवि के अधिकारी-कर्मचारी भकुरा के विशाल पहाड़ी परिसर का स्वयं सर्वेक्षण कर रहे है। खाई एवं पहाड़ी के बीच अधिकारियों ने अपने सर्वेक्षण में अब तक तीन स्थानों पर प्राकृतिक जल स्त्रोत ढूंढा है। इन जलस्रोतों से पूरे साल भूगर्भ से प्राकृतिक पानी निकलते रहता है। ऐसे प्राकृतिक जल स्रोतों को सरगुजा में ढोढ़ी के नाम से जाना जाता है। एक समृद्ध ढोढ़ी विवि के मुख्य द्वार से कुछ दूरी पर है। इस ढोढ़ी से 24 घंटे पानी बहते रहता है। परिसर में पहाड़ों के बीच 35-40 फीट गहरी तीन खाइयां है। इन खाइयों में भी दो प्राकृतिक जलश्रोत मिले है। परिसर में अन्य स्थानों पर भी प्राकृतिक जल स्रोत हैं लेकिन पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। अधिकारी इन प्राकृतिक जल स्रोतों को घेरकर विशाल कुआं बनवाने की जुगत में है। अधिकारी इस संबंध में कई विशेषज्ञों से सलाह भी ले चुके हैं तथा कई विशेषज्ञ स्थल का भी निरीक्षण कर चुके हैं। इसके लिए विवि द्वारा रांची से कुछ विशेषज्ञ कारीगरों को भी बुलाया गया है।

### खाई को बांधने की भी योजना

पानी की उपलब्धता के लिए भकुरा परिसर में पहाड़ी के बीच स्थित खाइयों को बांधने पर भी चर्चा चल रही है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण बरसात में ये खाइयां पानी से लबालब हो जाती है नाले का रूप ले लेती है। इन खाइयों के दोनों तरफ मजबूत दीवार खड़ी कर दी जाए तो बरसात का पानी पूरे साल मौजूद रहगा तथा पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण परिसर में पर्याप्त पत्थर भी हैं। रासेयो द्वारा हर साल शिविर लगाकर ऐसे जलश्रोतों को दुरुस्त किया जाता है। विवि के अधिकारी रासेयो शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों के श्रमदान से यह अनुकरणीय प्रयोग कर सकते हैं।

### भूगर्भ में नहीं है पानी

विवि का भकुरा परिसर पहाड़ी इलाका है। पहाड़ी पर ग्रेनाइट की चट्टाने हैं। भकुरा परिसर सहित आसपास के पहाड़ी क्षेत्र में भी पानी की समस्या है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने परिसर के अलग-अलग स्थानों पर लगभग एक दर्जन ट्यूबवेल खनन कराया लेकिन कहीं भी पानी नहीं निकला। नीचे पत्थर, कठोर चट्टाने होने के कारण ट्यूबवेल खनन में भी समस्या होती है। स्थिति को देखते हुए विशेषज्ञ भी प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करने पर जोर दे रहे हैं। हालांकि इन संसाधनों को विकसित करने के लिए राशि की भी जरूरत पड़ेगी। मैदानी इलाकों की तुलना में पहाड़ी इलाकों को विकसित करने में ढाई-तीन गुना अधिक राशि की जरूरत पड़ती है। विवि प्रबंधन मूलभूत सुविधाओं एवं विकास कार्यों के लिए पूरी तरह शासन पर निर्भर है।

### विकसित करने की है योजना

भकुरा परिसर में हमने तीन प्राकृतिक जल स्रोत तलाश किए हैं। इन प्राकृतिक स्रोतों के उपयोग के संबंध में कुछ विशेषज्ञों से सलाह भी लिया गया है। दानदाताओं के माध्यम से इन जल स्रोतों को विकसित कराने की योजना है। इस संबंध में कुछ विशेषज्ञ कारीगरों को भी बुलाया गया है। परिसर स्थित खाइयों को भी उपयोगी बनाने की दिशा में पहल चल रही है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी, कुलसचिव, एसजीजीयू

### गांव चपदा में शासकीय भूमि से अवैध कब्जा, ग्रामीणों ने अवैध कब्जा हटाने की मांग

**ओड़गी।** ग्राम पंचायत चपदा में स्थित शासकीय भूमि पर ग्राम पंचायत चपदा पंचायत भवन, उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन, माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला भवन बना हुआ है। उक्त शासकीय भूमि पर ग्राम पंचायत चपदा के निवासी मोहर साय आ. मानसाय, साधना कुर्रे पति पवन कुमार, जयप्रकाश आ. मोहर साय द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। साथ ही मोहर साय आ. मानसाय एवं साधना कुर्रे पति पवन कुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण किया जा रहा है। जबकि उक्त भूमि पर ही जयप्रकाश आ. मोहर साय द्वारा कच्चा मकान निर्माण किया जा रहा है। अवैध निर्माण कार्य के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत चपदा द्वारा तहसील न्यायालय ओड़गी में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसमें तहसील न्यायालय द्वारा पत्र के माध्यम से हल्का पटवारी को भूमि से कब्जा हटाने हेतु आदेश दिया गया था। तहसील न्यायालय द्वारा मोहर साय आ. मानसाय एवं साधना कुर्रे पति पवन कुमार के भूमि में हो रहे प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य पर स्थगन दिया गया था। न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण कार्य जारी रखा गया है। ग्राम पंचायत चपदा के ग्रामीणों ने कई बार भूमि पर हो रहे निर्माण पर रोक लगाने एवं अवैध निर्माण को हटाने हेतु तहसील एवं पुलिस चौकी से शिकायत की है। गांव के ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय भूमि पर ग्राम पंचायत चपदा का पंचायत भवन, उप स्वास्थ केन्द्र माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला भवन बना हुआ एवं कुछ हिस्सा भूमि खाली है जिसे ग्रामीणों द्वारा बचाकर अन्य निस्तार हेतु रखा गया है। शासकीय भूमि पर अवैध कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर मकान निर्माण कार्य किया जा रहा है। आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद है। ग्रामीणों ने शासकीय भूमि से एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाने की मांग की है मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान को लेकर भाजपा सरगुजा की तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत भाजपा सरगुजा जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी को लेकर आज संकल्प भवन में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन, व्यवस्थाओं एवं संगठनात्मक दायित्वों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण वर्ग जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान संगठन को वैचारिक एवं कार्यात्मक रूप से मजबूत करने का महत्वपूर्ण अभियान है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग आवासीय होगा तथा इसके माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, कार्य पद्धति एवं जनसेवा के मूलमंत्रों से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। संगठन जिला प्रभारी कृष्णकांत चन्द्रा ने कहा कि भाजपा संगठन प्रशिक्षण आधारित कार्य संस्कृति पर कार्य करता है। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं तथा सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने किया। बैठक में प्रशिक्षण वर्ग जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे एवं संगठन जिला प्रभारी कृष्णकांत चन्द्रा के आतिथ्य तथा भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, बस्तर संभाग सह प्रभारी हरपाल सिंह भामरा, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह एवं नगर पालिक निगम अध्यक्ष हरमिंदर सिंह टिन्नी, मनोज कंसारी, शुभांगी बिहाड़े, जितेन्द्र सोनी, अनिल तिवारी, मयंक जायसवाल, संजीव वर्मा, प्रिया सिंह, अभिषेक सिंहदेव, अजय सोनी, विपिन पाण्डेय, दीपक सिंह तोमर, डॉक्टर शिवमंगल सिंह, अभय साहू, अंकित जायसवाल, जतीन परमार, धनंजय मिश्रा, रामप्रवेश पाण्डेय, अनीश सिंह, सत्यम साहू, रवि विश्वकर्मा, रवजोत रमन, सुधांशु चौबे, सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बस के नीचे कुचलकर ग्रामीण की मौत, उतरते समय अनियंत्रित होकर गिरा था नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर




बस चालक की लापरवाही से एक ग्रामीण की मौत हो गई। बस से नीचे उतरते समय चालक ने वाहन को आगे बढ़ा दिया और अनियंत्रित होकर जमीन पर गिरे ग्रामीण पर बस का पहिया चढ़ गया। फिलहाल इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि ग्राम सरगड़ी निवासी 55 वर्षीय दिनेश कोड़ाकु मानसिक रूप से बीमार थे और अपना उपचार व झाड़ फूंक कराने के लिए रिस्तेदार के घर ग्राम ठरकी जा रहे थे। दिनेश कोड़ाकु अपने रिस्तेदार के साथ मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत संचालित दुर्गा बस क्रमांक सीजी 15 ईई 9908 से ग्राम ठरकी जाने के लिए निकले थे। इस दौरान सुबह 7.15 बजे बस झींगों स्थित पायल होटल के पास रुकी तो सभी यात्री बस से उतर रहे थे लेकिन जब दिनेश कोड़ाकू ने उतरने का प्रयास किया तो चालक ने हड़बड़ी में बिना देखे लापरवाही पूर्वक वाहन को आगे बढ़ा दिया। अचानक बस के आगे बढ़ने से नीचे उतर रहे दिनेश कोड़ाकू अनियंत्रित होकर जमीन पर गिर गए और बस का चक्का उनके शरीर पर चढ़ गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया। इसके साथ ही बस को जब्त कर घटना की जांच की जा रही है।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अमित जैन
सुप्रसिद्ध मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह
सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.करण सराफ
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.संजय कुमार अग्रवाल
सुप्रसिद्ध हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रतीक धाबलिया
सुप्रसिद्ध मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.शोभिक चन्द्रा
सुप्रसिद्ध बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ.रितेश रंजन
BLOOD BANK CENTER
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला अस्पताल रोड, प्रकाश हॉस्पिटल के बगल में अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ.सुशांत
17 मई 2026, माह के तीसरे रविवार
8224007799
7000619700
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती की सुविधा उपलब्ध



## स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक में दरिमा बीएमओ के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को ब्लॉक मुख्यालय अंबिकापुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक प्रांतीय अध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय, संभागीय अध्यक्ष श्यामाकांत पाण्डेय, जिला अध्यक्ष धनेश प्रताप सिंह, कार्यकारी जिलाध्यक्ष ऋषिकेश कुशवाहा, संभागीय सचिव दुर्गेश त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत मरावी की उपस्थिति में हुई।

इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरिमा के खण्ड चिकित्सा अधिकारी के विरुद्ध लगातार कर्मचारी विरोधी आदेश जारी करने, बिना कारण नोटिस देने, महिला कर्मचारियों के साथ अपमानजनक व्यवहार करने तथा ईएल,सीएल एवं अन्य अवकाश स्वीकृति में कर्मचारियों को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित करने संबंधी गंभीर शिकायतें रखी।इस विषय पर विस्तृत चर्चा उपरांत उपस्थित सदस्यों ने दरिमा के खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरिमा के विरुद्ध सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया साथ ही कर्मचारियों के सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया। बैठक में शैलेंद्र कुमार भगत, डॉ. विजय शंकर पाण्डेय, शेखर गुप्ता, रविशंकर राकेश, श्रीमती लक्ष्मी बैरागी, श्रीमती किरण सोनी, श्रीमती सविता शर्मा, श्रीमती चंद्रकिरण सिन्हा, मक़सूद आलम,ताराचंद यादव, महेन्द्र कुमार सिंह, श्याम दास, बिन्धेश्वर लकड़ा, बालकृष्ण पैकरा, अंजनी दीक्षित, अमरेन्द्र सिन्हा आदि उपस्थित थे।



## पुटसुरा नल जल योजना में भारी अनियमितता उजागर गुणवत्ताहीन निर्माण पर ठेकेदार को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ,बलरामपुर के कार्यपालन अभियंता ने ग्राम पुटसुरा में संचालित जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना के निर्माण में गंभीर अनियमितताओं को लेकर ठेकेदार मे. रवि रंजन कुमार राजा को कड़ी चेतावनी जारी की है।

राहुल गुप्ता की शिकायत एवं सहायक अभियंता की जांच रिपोर्ट में पाया गया कि योजना का कार्य अभी अधूरा है, बावजूद इसके सरपंच से यह कहलवाया गया कि सभी जगह पानी की सप्लाई शुरू हो चुकी है, जबकि वास्तविकता में अधिकांश बसाहटों में पानी चालू नहीं हुआ है। जांच में 120 के एल क्षमता की पानी टंकी में सीपेज पाया गया। टंकी की कलर कोटिंग एवं साफ-सफाई कार्य संतोषजनक नहीं मिला। बाउंड्रीवाल की फेसिंग जाली एवं एंगल की ऊंचाई मानक अनुरूप नहीं पाई गई।सेमरपारा में आंशिक रूप से पानी चालू मिला, जबकि अन्य बसाहटों में सप्लाई बंद मिली। महुआरीपारा में पाइपलाइन नहीं बिछाई गई है न हीपुरानी क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत की गई। कई स्थानों पर एफएचटीसी टूटे पाए गए तथा कुछ घरों में एक से अधिक कनेक्शन मिले। स्टैंड पोस्ट निर्माण भी असंतोषजनक पाया गया। कार्यपालन अभियंता नेठेकेदार को सभी त्रुटियों को शीघ्र सुधारते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने तथा नियमानुसार ग्रामपंचायत को हैंडओवर करने निर्देशित किया है साथ ही नियमों की अवहेलना करने पर अनुबंध निरस्त कर अमानत राशि शासन के पक्ष में राजसात करने की चेतावनी दी है।यह मामला जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता एवं निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,
01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 15,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411